# समाचार

## समस्याओं के निराकरण हेतु सदैव रहेगी मेरी प्रतिबद्धता–महापौर

### (लालूराम कालोनी में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में शिरकत की महापौर ने)

कोरबा 25 नवम्बर 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि क्षेत्र के नागरिकों की विकास संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मेरी प्रतिबद्धता सदैव रहेगी तथा इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जाएंगे। उन्होने कहा कि जनताजनार्दन का स्नेह एवं उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी पूंजी है तथा मेरा प्रयास रहेगा कि मेरी यह पूंजी सदैव कायम रहे।

उक्त बातें महापौर श्रीमती अग्रवाल ने लालूराम कालोनी में आयोजित दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर कही। आदर्श विहार महिला समिति लालूराम कालोनी कोरबा द्वारा कालोनी में स्थित शिव मंदिर के समीप दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। विशिष्ट अतिथि के रूप वार्ड पार्षद विकास अग्रवाल एवं वरिष्ठ अधिवक्ता एल.एन. अग्रवाल ने भी अपनी उपस्थिति प्रदान की। आयोजकों द्वारा इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया गया तथा शाल एवं श्रीफल भेंटकर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने समारोह में उपस्थित नागरिकों एवं महिला समिति के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि मुझे प्रसन्नता हो रही है कि आपने मुझे इस समारोह में शामिल होने का अवसर प्रदान किया है, मेरे लिए यह खुशी का विषय है कि जब–जब इस कालोनी में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया जाता है तो मुझे आपका आमंत्रण अवश्य मिलता है तथा मेरा हर संभव प्रयास रहता है कि मैं यहां पर उपस्थित होकर आपके बीच रहने का अवसर प्राप्त करूं। उन्होने कहा कि आपकी जो भी विकास संबंधी समस्याएं होंगी, उनके निराकरण के लिए मेरे द्वारा हर संभव प्रयास किये जाएंगे तथा निश्चित रूप से क्रमशः सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

इस अवसर पर वार्ड पार्षद विकास अग्रवाल, समाजसेविका मंगल बुधिया, वरिष्ठ अधिवक्ता एल.एन. अग्रवाल, मोहन लाल अग्रवाल, कन्हैयालाल सोनी, समिति की अध्यक्षा शोभना सोनी, गोपालराय सोनी, प्रदीप जायसवाल, लक्ष्मी नारायण देवांगन, मुकेश जैन, नरेश जैन, स्वरूप सिंह, गोपी नायर, सुरेन्द्र चिड़ीपाल, श्री भट्टी, चन्द्रकांत यादव आदि के साथ महिला समिति की पदाधिकारी एवं सदस्यगण एवं आमनागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

**(रावेन्द्र सिंह)**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)